# न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया — सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com



संस्करण : धनबाद | गुरुवार 9 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


## एक नजर

### सिंदरी में अनुपमा सिंह के समर्थन में हाथ छाप पर वोट देने की अपील



(न्यूज12 भारत)

सिंदरी : इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत के लिए आज सिंदरी के राजाबस्ती, सिधाबानी, बाउरी टोला, हाड़ीडीह, तेतुलतांड, वार्ड 55 के विभिन्न स्थानों पर द्वार द्वार जाकर हाथ छाप पर वोट देने की अपील की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के अजय कुमार, सुखदेव हांसदा, माकपा के नेता विकास कुमार ठाकुर, सुबल चंद्र दास, जेएमएम के शुशील हेंब्रम, विकास महतो, माले के सागर मंडल, सुभाष मंडल, राजद के सूरज कुमार, विष्णु कुमार, कर रहे थे।

जनसंपर्क अभियान में राम लायक राम, अनिल शर्मा, सम्राट कुमार, विशाल कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, सिवा कुमार, समीर कुमार, मोहन कुमार, नवान कुमार, नकुल कुमार वर्मा, विजय सोरेन, अरविंद शर्मा, अजय कुमार साव, विकास मंडल, नाजू सिंह, सुनील महतो, अर्जुन प्रमाणिक, माणिक बाउरी, सुशील हेंब्रम आदि मौजूद थे।

### नामांकन के दौरान इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता ने किया जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन



(न्यूज12 भारत)

बेरमो/गिरिडीह लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन व सभा में शामिल होने झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन व जेएमएम के वरिष्ठ नेता मुमताज आलम, गोमिया प्रखंड अध्यक्ष लुद्दू मांझी, सक्रिय कार्यकर्ता शंभू यादव, भोला यादव, व इंडिया गठबंधन के कई वारिये नेता के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों के साथ हजारों लोग जिला मुख्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिले के बाद इंडिया गठबंधन के व टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के साथ उनका काफिला निकलकर सीधे पुस्तकालय मैदान पहुंचा, इस दौरान इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा जीत के बड़े-बड़े दावे भी किए गए ।

### थैलेसीमिया से पीड़ित 4 वर्षीय बच्ची को रक्त उपलब्ध कराई गई




धनबाद : विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर संस्था के पहल पर थैलेसीमिया से पीड़ित 4 वर्षीय बच्ची को रक्त उपलब्ध कराई गई। पिछले चार-पाँच वर्षो से लगातार जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करा रही सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने आज विश्व थैलेसीमिया दिवस पर थैलेसीमिया से पीड़ित चार वर्षीय मासूम बच्ची तनु कुमारी को जिले के सरकारी ब्लड बैंक एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) से रक्त उपलब्ध कराया।

पीड़ित बच्ची की माँ ने जो गिरिडीह की रहने वाली हैं संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से संपर्क कर रक्त की मांग करते हुए कहा कि पहले भी संस्था के द्वारा कई बार बच्ची को रक्त उपलब्ध कराया गया हैं आज फिर से आवश्यकता है कृपया मदद करें।

सूचना प्राप्त होते ही श्री चौहान ने ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर बच्ची के लिए रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार कर ब्लड बैंक द्वारा रक्त प्रदान कर दी गई, श्री चौहान ने कहा कि एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक हमारे जिले का एकमात्र ऐसा ब्लड बैंक हैं जहा दूसरे जिलों के भी थैलेसीमिया बच्चों को लाभ पहुंचता है इसलिए इस ब्लड बैंक के लिए जितना हो सके उतना रक्तदान शिविर तथा स्वैच्छिक रक्तदान करनी चाहिए हमारी संस्था हर उस बच्चे के साथ खड़ी हैं जो थैलेसीमिया से पीड़ित है।

# धनबाद विधानसभा में महिला कांग्रेस का तूफानी दौरा अनुपमा सिंह के लिए मांगा वोट

(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का धनबाद प्रखंड अध्यक्ष जानकी देवी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया गया और अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगा।

धनबाद प्रखंड अध्यक्ष जानकी देवी के नेतृत्व में न्यू मेरिन, कच्छी बलिहारी, साउथ बलिहारी, श्रीनगर, विही बाड़ी, करकेंद क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चला।





मौके पर जिलाध्यक्ष सीता राणा ने लोगों से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र गंभीर जल संकट और बच्चो के शिक्षा केंद्र का अभाव को लेकर शिकायत की। सीता राणा ने आश्वस्त करते हुए स्थानीय लोगों से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के विजई होते ही प्राथमिकता के तौर पर जल संकट को दूर किया जायेगा। और आंगनबाड़ी की स्थापना बच्चो के शिक्षा के लिए किया जायेगा।

जानकी देवी ने कहा कि धनबाद में विकास कार्य नही हुआ, करकेंद, न्यू मेरिन, केंदुआ पुटकी जैसे क्षेत्रों को अनदेखा किया गया। यहां के लोग पानी जैसी मूलभूत सुविधा से भी वंचित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने धोखा दिया अब भाजपा के झूठ में नही फंसना है। तो एक मात्र विकल्प कांग्रेस ही है जो धनबाद के सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास कर सकती है। अनुपमा सिंह को जिताने के लिए जनता का समर्थन भरपूर मिल रहा है।

जन संपर्क अभियान में रूबी खातून, लक्ष्मी देवी, बिंदु देवी, हुस्ना बानो प्रतिमा देवी, सबी देवी, मुनी देवी, आरती देवी, मुनिया देवी, बबीता देवी, अन्नु देवी, गीता देवी, कुंती देवी आदि शामिल थी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**एनएसएस के स्वयंसेवको ने आदिवासियों, अल्पसंख्यको व ग्रामीणों से वोट देने के लिए की अपील**

(न्यूज12 भारत)

सरिया (गिरिडीह) : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के तहत सरिया कॉलेज के स्वयंसेवकों के द्वारा सरिया के सुधार भर्ती ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने हरी झंडी दिखाकर इस बस को रवाना किया। अभियान सरिया प्रखंड के पूर्वी जॉन के मोकामा पंचायत , कोयरीडीह पंचायत और पुरनीडीह पंचायत के विभिन्न गांव में चलाया गया । सरिया कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जुलूस के शक्ल में रैली निकाली गई। विद्यार्थियों की अलग-अलग टोली बनाकर मोकामा पंचायत के आदिवासी टोला कारी पहरी के आदिवासियों को वोट देने के लिए जागृत किया। वही कोयरीडीह मुख्य बाजार में उपस्थित ग्रामीण व दुकानदारों को भी मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पुरनीडीह पंचायत के मुस्लिम मोहल्ला में घर-घर जाकर वोट देने के लिए ग्रामीणों से अपील की।इस मौके पर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में वोट करना जरूरी है, पहले मतदान फिर जलपान, इस बार 80 पार जैसे नारेबाज़ी कर रहे थे।




इस मौके पर प्रो अरुण कुमार, राष्ट्रीय साक्षरता क्लब के प्रो आशीष कुमार सिंह ,डॉ श्वेता, प्रो चायरा निशा इंद, लेखपाल सीताराम सुमन, तनुश्री कुमारी, शिल्पी कुमारी, चांदनी कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी रजनी कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रीति कुमारी, मुस्कान कुमारी, कल्पना कुमारी, गायत्री कुमारी,रानी कुमारी,पम्मी कुमारी,कृति कुमारी, दामिनी खातून, इंद्राणी कुमारी ,प्रिया कुमारी, ईरानी, नेहा ,निशा ,मनीषा, प्रेरणा ,अंजली,संगम,टुनी, मिथुन ,अंगेश ,अभिषेक, राहुल,मंयक सुमित काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### कई क्षेत्रों में अनुपम सिंह के समर्थन में जन संपर्क अभियान



(न्यूज12 भारत)

धनबाद : नेशनल फेडरेशन अंबेडकर मिशन, दलित शोषण मुक्ति मंच के और से कई क्षेत्रों में अनुपम सिंह के समर्थन में, मिशन के अध्यक्ष शशि भूषण, सचिव दिलीप राम कुमार, दलित शोषण मुक्ति मंच के राज्य अध्यक्ष शिवबालक पासवान, अप्पू कुमार दास, बावन पासवान,रीना पासवान,जितेन्द्र पासवान के द्वारा जमाडुब, नूनूडीह, भौरा 16 नंबर में संपर्क किया गया। आम लोगों से अपील किया गया कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरा में है। जनता के ज्वलंत मुद्दे, महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा तथा अन्य सवाल भाजपा अपने चुनावी सभा में चर्चा तक नहीं करते हैं। धनबाद संसदीय क्षेत्र में अनुपमा सिंह की हवा के सामने भारतीय जनता पार्टी कि हवा हवाई होने वाली है क्योंकि उनके पास जनता को जवाब देने के लिए कुछ नहीं है मात्र लोगों को दिग्भ्रमित करते हैं।

# कांड्रा:आरपीएफ ने चलाया जारुकता अभियान

**गुरुकुल वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों को किया जागरूक, यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानी की दी जानकारी**

(न्यूज12 भारत)

कांड्रा में आरपीएफ प्रभारी अश्मित वर्मा ने कांड्रा स्टेशन चौक स्थित गुरुकुल वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में रेल यातायात के नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लास 9 से 10 तक के बच्चों के बीच चलाए गए उक्त जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को सर्वप्रथम रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और रेल के बारे में बताया गया। इसके अलावा रेलवे से जुड़े अपराध तथा सुरक्षा व सावधानियों के बारे में भी जरूरी बातें बताई ।इस मौके पर आरपीएफ प्रभारी अश्मित वर्मा के द्वारा बच्चों को ट्रेन में सफर करने के दौरान क्या- क्या सावधानी बरतनी चाहिए, इसकी जानकारी दी।




उन्होंने बच्चों को बताया कि यात्रा के दौरान कभी भी ट्रेन की बोगी के गेट पर सफर नहीं करना चाहिए। ट्रेन की बोगी के गेट पर सफर खतरनाकर हो सकता है। स्पीड में झटका लगने से आप ट्रेन के नीचे गिर सकते हैं ऐसी स्थिति में आपकी जान भी जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने ट्रेन में सफर के दौरान अपरिचित से दोस्ती नहीं करने, दूसरों का दिया भोजन एंव अन्य खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में नशाखुरानी गिरोह के सदस्य आपको अपना शिकार बना सकते हैं। खाना में नशीला पदार्थ खिलाकर वे आपके सामान को लूट लेंगे।आरपीएफ प्रभारी अस्मित बर्मा ने बताया की ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना आए दिन होती रहती है.

# शहर के सभी मुख्य चौक चौराहा पर पनशाला की व्यवस्था की गई है- नगर आयुक्त

(न्यूज12 भारत)

गया।भीषण गर्मी को देखते हुए निगम आयुक्त के द्वारा की गई पनशाला की व्यवस्था - भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए गया नगर निगम की नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा भा.प्र. से के द्वारा शहर के सभी मुख्य चौक चौराहा पर पनशाला की व्यवस्था की गई है। गया नगर के निम्न स्थलों पर शीतल पेयजल के साथ-साथ ORS उपलब्ध है गांधी मैदान रेन बसेरा संख्या 1 ,गांधी मैदान रेन बसेरा संख्या 4, समाहरणालय के सामने, काशीनाथ मोड ,नई गोदाम, आजाद पार्क, खालिस पार्क, सिकरिया मोड़, गया जंक्शन निगम




स्टोर के समीप ,पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड के समीप, एवं सरकारी बस स्टैंड । इसके अतिरिक्त रेन बसेरा संख्या 1 एवं रेन बसेरा संख्या 4 मैं कूलर की व्यवस्था की गई है। गर्म हवाएं एवं लू से बचने हेतु निगम आयुक्त महोदया द्वारा आपदा विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने एवं निम्न उपाय करने की अपील की गई ।जितनी बार हो सके पानी पिए ,सफर के दौरान पानी हमेशा साथ रखें, बाहर निकलते समय हल्के रंग का सूती कपड़ा एवं ढीला डाला कपड़ा पहने, टोपी गमछा एवं जूता चप्पल पहन कर ही घर से बाहर निकले, अधिक पानी वाले फलों यथा तरबूज ,खरबूज, खीरा, ककड़ी एवं नारंगी का उपयोग अधिक से अधिक करें ।अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना आदि को शामिल करें .

शेष पेज - 3 पर

# झूठे मुकदमों के विरुद्ध किसानों ने लिया आंदोलन का निर्णय

## भूमिहीन किसानों को पुनर्वास, रोजगार एवं उचित मुआवजा का अधिकार : चन्द्र शेखर पाठक

**बीसीसीएल एवं एसटीजी एसोसिएट्स किसानों के अधिकारों के साथ कर रही खिलवाड़ : चन्द्र शेखर पाठक**

(न्यूज12 भारत)

पुटकी तेरह नंबर एवं पुटकी दस नंबर सब्जी बागान के कृषकों के विरुद्ध पुटकी थाने में दर्ज हुए झूठे मुकदमे कांड संख्या - 49/2024 ; दिनांक 7.5.2024 के संबंध में एक अति आवश्यक बैठक पुटकी 13 नंबर सब्जी बागान में हुई। बैठक में सभी ने बीसीसीएल





एवं ठेका कंपनी एसटीजी एसोसिएट्स के विरोध में एकजुटता दिखाई एवं भारी आक्रोश व्यक्त किया। दीपक कुमार, महफूज खान एवं अलाउद्दीन खान के ऊपर हुए झूठे मुकदमे के खिलाफ सभी ने एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कोलियरी श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री चन्द्र शेखर पाठक ने कहा कि बगैर किसी पूर्व सूचना के अलाउद्दीन खान के सब्जी बागान में अचानक मलबा गिराना मानवता के खिलाफ है। यहां सरकार और मानवता के बीच संघर्ष की स्थिति बन गई है। बगैर पुनर्वास रोजगार एवं उचित मुआवजा के विस्थापन की कोशिश करना विधि विरुद्ध है।

मौके पर मुख्य रूप से कोलियरी श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री चन्द्र शेखर पाठक, उमेश राम, इम्तियाज अहमद, संजय कुशवाहा, कृष्णा पासवान, हरेंद्र भगत, धर्म भगत, रामधन भगत, भरत भगत, जितेंद्र भगत, राधिका देवी, सुनीता देवी, नूरजहां खातून अखिलेश भगत पंचा पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

# 1974 रेल हड़ताल के शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा

- ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के अधिकारों के लिए
- सतत संघर्ष करता रहेगा - मो ज़्याऊद्दीन
- दिवंगत लोको पायलट पंकज कुमार सिंह को दी गई श्रद्धांजलि





ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने बुधवार दोपहर को धनबाद शाखा वन में 1974 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल के पचास वर्ष पूरा होने पर अमर शहीदों को लाल सलाम व श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। सभा का संचालन सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने किया। सभा की शुरुआत में सदस्यों ने 1974 के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा एवं वर्किंग कमिटी मेंबर मो ज़्याऊद्दीन को नई दिल्ली में पिछले महीने आयोजित एआईआरएफ के 100 वें अधिवेशन में उनके पुनः निर्वाचित किए जाने पर पुष्पहार पहना कर तथा जोरदार नारों से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा ने कहा कि 8 मई, 1974 को भारतीय रेलवे के 1.7 मिलियन कर्मचारियों ने औपचारिक रूप से हड़ताल शुरू की जो 20 दिनों तक चली। एआईआरएफ के तात्कालिक अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में, हड़ताल बुलाई गई। प्रमुख मांगों में न्यूनतम मज़दूरी, उत्पादकता आधारित बोनस, नौकरियों का स्थाईकरण, आठ घंटे की दैनिक कार्य सीमा निर्धारित करना, बढ़ती कीमतों के खिलाफ़ सुरक्षा के लिए मंहगाई भत्ता के अधिकार की माँग के लिए किया गया था। 1975 में इंदिरा गाँधी ने आंदोलन और जन आक्रोश को दबाने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया जो 21 महीने तक चली। अंततः इंदिरा गाँधी ने 1977 में आपातकाल वापस लेकर आम चुनाव की घोषणा की। इस आम चुनाव में इंदिरा गांधी हार गईं, हड़ताल के नेतृत्व कर्ता केजॉर्ज फर्नांडिस जेल से जीत गए। और 1979 में चरण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने के मांग स्वीकार कर लिया।

अपनी बात रखते हुए मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि वर्तमान में धनबाद मंडल प्रशासन मेहनतकश रेलकर्मियों के वाजिब मांगों के समाधान के प्रति उदासीन व्यवहार कर रहा है। सेक्शन में विभिन्न सुपरवाइजर स्वेच्छाचारी व्यवहार बरत रहे हैं और प्रशासन को इस बावत जानकारी देने के बाद उलटे अधीनस्थ कर्मचारियों को ही स्थानांतरित कर दिया जा रहा है। सारे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर एक मांगपत्र मंडल रेल प्रबंधन को लिखित रूप से सौंपा गया है। अब यह देखना है कि मंडल प्रबंधन क्या पहल करता है। यदि निश्चित समयावधि में समाधान नहीं निकला तो ईसीआरकेयू संघर्ष का क्षेत्र बढ़ाते हुए आंदोलन को तेज करेगा। इस विषय पर केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के साथ साथ एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा को भी धनबाद लाकर प्रशासन को मांगों को समाधान करने के लिए दबाव बनाया जाएगा। ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा। बैठक के समापन पर पिछले दिनों कोडरमा में रन ओवर हुए लोको पायलट पंकज कुमार सिंह के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

यूनियन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस बैठक में अपर महामंत्री मो ज़्याउद्दीन,सहायक महामंत्री ओम प्रकाश,केंद्रीय संगठन मंत्री सोमेंद्र दत्त और नेताजी सुभाष सहित बसंत दूबे,आर के सिंह,जे के साव,पी के सिन्हा,आई एम सिंह,एस चक्रवर्ती,सुबोध सिंह,मुकेश, सुदर्शन, अमरजीत,सी एस प्रसाद,सुजाता, रूचि,शिव जी प्रसाद,अशोक कुमार, आर एन विश्वकर्मा सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।

## टुण्डी के पूर्णाडीह में निकली भव्य कलशयात्रा मेंशालित हुए झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष- माना पाठक



(न्यूज12 भारत)

टुण्डी : टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पुर्नाडीह में भव्य कलशयात्रा में शामिल हुए झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक एवं मंगल प्रार्थनाएं किये।
टुंडी प्रखंड के पूर्णाडीह में श्री श्री १०८ हनुमत् प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत् महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा, में सैकड़ों श्रद्धालुजन की उपस्थिति के निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में उपस्थित जनमानस के साथ नगर भ्रमण कर टुंडी विधानसभा के उन्नतता,समृद्धता व संपन्नता की मंगल प्रार्थना किए।इस मौके पर उपस्थित रहे।
मुख्य रूप से मुखिया जी बसंत तिवारी, दिलीप राम, नितिन गुप्ता, सुशील साव, कृष्णा मण्डल, जीतेन्दर मण्डल, पुरन यादव, सुजीत यादव, अनिल यादव,मुकेश यादव,गंगाधर यादव,टुनटुन राम,फैनी यादव,नितिन राम,सुजीत यादव,अजय यादव,प्रकाश पांडे समेत समस्त पूर्णाडीह ग्रामवासी मौजूद थे।

# झारखंड के ऐतिहासिक सुरेश्वर महादेव मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह 10 मई को

- 11000 माता बहनें कलश यात्रा में होंगी शामिल

(न्यूज12 भारत)



रांचीः सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समिति के सदस्यों ने बड़े ही धूमधाम के साथ इसका वार्षिकोत्सव मनाने का निर्णय लिया है। समिति के सभी सदस्य पूरे जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड के इस सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय वर्ष गांठ पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 11 000 माता बहनें कलश के साथ शामिल होंगी। कलश यात्रा 10 मई दिन शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे मंदिर प्रांगण से निकलकर के बहू बाजार स्थित बनस तालाब तक जाएगी और वहां से जल लेकर वापस मंदिर प्रांगण आएगी। उसके उपरांत बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा और अभिषेक के बाद रुद्राभिषेक किया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद पूजन के बाद संध्या 3:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी शिव भक्त बाबा का प्रसाद को ग्रहण करेंगे। संध्या 7:00 बजे बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रंगार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि हमारे मंदिर में बाबा का जो श्रृंगार होता है वह अपने आप में अद्भुत होता है। श्रृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। महाआरती के बाद फिर से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में पूरे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी जुट गए हैं। संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, रतन लाल, कृष्णा साहू , गुजा तिर्की, रंजीत राम, केशव केसरी, छत्रधारी महतो, रूपेश केसरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मैथन की बेटी अर्चिता साहू ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में रही चौथा टॉपर




(न्यूज12 भारत)

मैथन। डीनोबीली स्कूल के आई सी एस ई बोर्ड की प्रकाशित परीक्षाफल में दसवीं कक्षा की मैथन की बेटी अर्चिता साहू ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में चौथा टॉपर हो कर मैथन तथा अपने माता पिता का नाम रौशन करने का काम किया है।अर्चिता की इस उपलब्धि पर लोगों के द्वारा विभिन्न माध्यमों से अपनी शुभकामनाएं दी जा रही है। अर्चिता अपने परिवार के संग आनंद नगर में निवास करती है।अपनी इस उपलब्धि का श्रेय वो खुद को,ट्यूशन शिक्षक,स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अपने माता पिता को देती है।अर्चिता के पिता अमरनाथ साहू पेशे से व्यवसाई हैं जबकि माता श्रीमती अर्चना साहू साधारण गृहणी हैं।अर्चिता से बात करने पर उसने बताया की आगे की पढ़ाई वाणिज्य संकाय से कर चार्टेड अकाउंटेंट की तैयारी के साथ और अधिक परिश्रम कर प्रथम स्कूल टॉपर होने का प्रयास करेगी।

# मा तारा होम डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड गया मे शुरुआत

(न्यूज12 भारत)



गया।पटना के बाद अब अपना प्रोजेक्ट गया में लेकर आई है गया बोधगया रोड डीएवी कैंट के नजदीक गोकुल धाम फेज वन की शुरुआत हो गई है
गया में पहली बार इस तरह से बंगलो का निर्माण कराया गया है जो भी देख रहा है उसकी तारीफ कर रहा है ।
वहीं पर मां तारा होम्स डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सूरज सिंह ने बताया कि आज के दौर में बहुत सारे बिल्डर हैं लेकिन हमारी कंपनी अलग तरह का कार्य कर रही है ,
इसी का नतीजा है कि बिहार के राजधानी पटना में सफ़ल प्रॉजेक्ट के बाद अब अपना प्रोजेक्ट विश्व स्तरीय शहर गया में शुरू किया और देखते ही देखते गोकुल धाम फेज 1 के 10 बंगलो सोल्ड आउट हो गया लेकिन ग्राहकों के डिमांड पर 14 और बंगलो का निर्माण किया जा रहा है। वहीं पर हम अपने बंगलो में मजबूती और अत्याधुनिक तकनीकी से बंगलो को डेवलप कर रहे हैं ।जो ग्राहक को बहुत भा रहा है
किसी भी तरह का को लो क्वालिटी मैटीरियल नहीं डालते हैं जिससे बंगलो पर प्रभाव पड़े और हमारे कंपनी का शुरू से धेय रहा है।ग्राहकों का डिमांड और ग्राहकों का मांग को फुलफिल करना।।
इसी का नतीजा है कि हमारी कंपनी जब गया में आई और हमने गोकुलधाम फेज वन की शुरूआत किया तो देखते ही देखते आज 10 बंगलो बुक हो चुका है और हमारी कंपनी में इंक्वारी इतना बढ़ा किहमने सोचा की नई 14 बंगलो का निर्माण किया जाए।
बहुत जल्द ही गोकुलधाम फेज 2 का निर्माण मेडिकल डीएवी के सामने करने जा रहे हैं
क्योंकि गया एक विश्व स्तरीय शहर है और भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली है।

## भाजपा उम्मीदवार विधायक ढुल्लू महतो को भाजपा का प्रत्याशी बनाये जाने पर जनता में है नाराजगीः संतोष सिंह

धनबादः कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो महतो पर आडे हाथों लेते हुए हुए कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने पर जनता में काफी नाराजगी है । धनबाद की जनता ने निवर्तमान सांसद पी एन सिंह के स्वच्छ छवि के कारण उन्हें तीन बार जिताया ।इस बार जनता की नाराजगी के कारण ढुल्लू महतो को अपनी हार साफ दिख रही है । भाजपा संगठन का एक एक कार्यकताओ का सहयोग कांग्रेस को मिल रहा है इसी कारण बौखलाहट में वह अपनी ही पार्टी के सांसद और विधायक पर अपराधियों से साठगांठ का आरोप लगा रहे हैं। जिस सांसद और विधायक पर कभी एक केस तक नहीं हुआ उनपर ढुल्लू महतो द्वारा लगाया आरोप भाजपा के लिए खतरे की घंटी है।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



(न्यूज12 भारत)

बेरमो/झारखंड के गिरिडीह लोकसभा के लोकप्रिय निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने मकोली, फुसरो, अमलो बस्ती, करगल्ली चौक, जरंगडीह, कथारा चौक, हजारी मोड, पटवा बस्ती, होसिर, घरवाटांड, झिरकी का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया उन्होंने लोगों से मिलकर जन समर्थन करने का अपील करते हुए कहा कि झारखंड में जितने भी राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर की बड़ी बडी पाटिया हैं उनके सिर्फ बड़े-बड़े बोल और लूट का खसूट की पाटिया है सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाकर अपना ऊल्लू सीधा करके गिरिडीह लोकसभा के जनता का वोट लेकर चले जाते हैं। श्री यादव ने कहा मैं झारखंड का बेटा हूं जल जंगल जमीन की बात करता हूं और मैं निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा हूं | और आप सभी से समर्थन की अपील करता हूं उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि झारखंड खनिज संपदाओ से भरा पड़ा हुआ है। मगर झारखंड के लोग बेरोजगारी के जिंदगी जी रहे हैं हमारे पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा साथी डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और पलायन की भेंट चढ़ रहे हैं

शेष पेज - 3 पर

## मेंटर्स एडुसर्व द्वारा जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए परामर्श का आयोजन




(न्यूज12 भारत)


गयाः ईस्टर्न इंडिया के सर्वोत्तम कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने जेईई मेन और एडवांसड एवं नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं उनके मन में आने वाले सवालों के समाधान के लिए परामर्श का आयोजन किया है। परामर्श में मेंटर्स एडुसर्व के निदेशक श्री आनंद कुमार जायसवाल ने इन परीक्षाओं की तैयारी करने के सही तरीके को उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावको के बीच रखा है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी से संबंधित मेंटर्स एडुसर्व के फॉर्मूले के बारे में विस्तार से बताया। इंजीनियरिंग की तैयारी करने वालों विद्यार्थियों को जेईई मेन और एडवांसड पैटर्न एवं मेडिकल की तैयारी करने वालों विद्यार्थियों को नीट पैटर्न के बारे में विस्तार से बताया गया है। इसके साथ ही इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी हेतु मेंटर्स एडुसर्व द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं को विद्यार्थियों एवं अभिवावकों के सामने रखा गया है।

शेष पेज - 3 पर

# बीआईटी सिंदरी में उद्यमिता के विषय पर पुस्तक का विमोचन

(न्यूज12 भारत)




धनबाद : आज बी आई टी सिंदरी इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल ने उद्यमिता के विषय पर एक पुस्तक विमोचन सत्र का आयोजन किया।
इस अवसर पर कई पूर्वती छात्र, वीसी, जेयूटी, प्रोफेसर डी के सिंह, निदेशक, बीआईटी सिंदरी, प्रोफेसर पंकज राय, प्रोफेसर इन चार्ज इनोवेशन और इनक्यूबेशन प्रोफेसर प्रकाश कुमार, उद्यमिता विषय के एडजंक्ट फैकल्टी श्री रमेश यादव, यू एस ए, सीरियल एंटरप्रेन्योर प्रोफेसर राज जसवा, सिलिकॉन वैली, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कई महाविद्यालयों के प्रिंसिपल व प्राध्यापक आदि उपस्थित थे।
बी आई टी सिंदरी, यूनिवर्सिटी के सहयोग से छात्रों के लिए व्यापक "उद्यमिता" पाठ्यक्रम शुरू किया है। इस अवसर पर वीसी, प्रोफेसर डी के सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पुस्तक में व्यावहारिक निर्देश और अच्छी तरह से तैयार पाठ्यक्रम सामग्री हमारे सभी छात्रों के लिए एक गहन सीखने का अनुभव होगी। निदेशक , बी आई टी सिंदरी, प्रोफेसर पंकज राय ने कहा कि यह पुस्तक आपको उद्यमिता की रोमांचक लेकिन चुनौतीपूर्ण दुनिया में नेविगेट करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन की गई है। श्री रमेश यादव ने बताया कि पुस्तक में नए उत्पाद परिचय (एनपीआई), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), स्टार्ट-अप धन उगाहने, बीएमसी, व्यवसाय इकाई गठन और संचालन, और बिक्री और विपणन रणनीति जैसे आवश्यक विषय शामिल किए गए हैं।
प्रोफेसर प्रकाश कुमार ने कहा कि उद्यमिता का मतलब सिर्फ व्यवसाय शुरू करना नहीं है बल्कि, यह अवसरों की पहचान करने, रचनात्मकता के साथ चुनौतियों से निपटने और कुछ ऐसा निर्माण करने के बारे में है जो हमारे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। इस पुस्तक के व्यावहारिक निर्देश और अच्छी तरह से तैयार पाठ्यक्रम के लिए
वीसी, जे यू टी ने प्रोफेसर रमेश यादव के साथ-साथ प्रोफेसर राज जसवा, प्रोफेसर प्रकाश कुमार तथा अन्य लेखकों का भी धन्यवाद दिया।

## तीन चरणों के मतदान के बाद विपक्षी कुनबा हताशा और निराशा में : प्रभाकर मिश्र

- राजनीति के विचलित प्राणि बन गये हैं लालू प्रसाद
- परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा यह चुनाव

(न्यूज12 भारत)

गया ।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विपक्षी दलों पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि तीसरे चरण का चुनाव खत्म होने के बाद विपक्षी दल हताशा और निराशा के गर्त में हैं। विपक्षी दलों के नेता फ्रस्ट्रेशन में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तीन चरणों के मतदान में राजद को शून्य पर आउट होता देख लालू प्रसाद काफ़ी विचलित हैं । लालू प्रसाद की दोनों बेटियों की भी करारी हार तय है, क्योंकि पाटलिपुत्र और सारण सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में तेज लहर है। यह चुनाव परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की ताबूत में अंतिम कील साबित होगा। मिश्र ने कहा कि सियासत में लालू प्रसाद की भूमिका एक विदूषक की रही है लेकिन आजकल लालू जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, वह बताता लालू बिहार की सियासत के बेचैन प्राणि हैं।
मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद को मालूम होना चाहिए कि सरकारी नौकरियों में

# काराकाट संसदीय क्षेत्र: ईवीएम में बड़ी पार्टियों के निशान नहीं, नए विकल्पों का बटन दबेगा

- **अभिनेता पवन सिंह और टेक्नोक्रैट ई. संजय कुशवाहा मुकाबले को बना रहे दिलचस्प**
- **सोशल मीडिया पर अनोखे चुनाव प्रचार से संजय प्रसाद कुशवाहा खींच रहे मतदाताओं का ध्यान**
- **भाजपा,जदयू,राजद और काँग्रेस के नहीं रहने से कमल,तीर ,लालटेन और पंजा चुनाव चिह्न गायब है**

(न्यूज12 भारत)

काराकाट। विशेष प्रतिनिधि

काराकाट लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव इस बार दिलचस्प हो गया है। इस बार काराकाट के ईवीएम में किसी भी बड़े दल का चुनाव चिन्ह नहीं दिखेगा। ऐसे में मतदाता नई पार्टियों और नए विकल्पों का बटन दबाएंगे। दूसरी तरफ , चुनाव में राजनीति के साथ हीं ग्लैमर का भी तड़का लग रहा है। प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ फिल्मी सितारे और बड़े टेक्नोक्रैट भी चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं।

### कमल ,तीर ,पंजा और लालटेन की गैर मौजूदगी से उभर रहा नया विकल्प -

काराकाट लोकसभा चुनाव में मुख्य दलों के उम्मीदवारों के साथ अभिनेता पवन सिंह और एनटीपीसी के पूर्व महाप्रबंधक व सर्वलोकहित समाज पार्टी (एसएसपी ) के ई संजय प्रसाद कुशवाहा प्रचार के अपने अनोखे अंदाज से मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं । वहीं इस बार काराकाट संसदीय क्षेत्र के चुनाव में कमल, लालटेन ,पंजा और तीर चुनाव चिह्न गायब है। दरअसल में इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) , जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) ,काँग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी ) के उम्मीदवार चुनावी रण में नहीं हैं। इन राजनीतिक दलों के सहयोगी दल के प्रत्याशी चुनाव में खड़े हैं। एनडीए गठबंधन की तरफ से उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम , इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई एमएल (माले ) खड़ी है । ईवीएम में कमल, तीर ,पंजा और लालटेन चुनाव चिह्न की गैर मौजूदगी में मतदाताओं के समक्ष नया विकल्प उभरकर सामने आ रहा है। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि इस परिस्थिति का लाभ निर्दलीय पवन सिंह के साथ एसएसपी के ई. संजय प्रसाद कुशवाहा को भी मिल सकता है । वोटर के समक्ष नए विकल्प पर मंथन करने का मौका होगा । भाजपा ,जदयू ,राजद और काँग्रेस के चुनावी रण में नहीं रहने से अपेक्षाकृत नए राजनीतिक दल जैसे कि एसएसपी के टेक्नोक्रैट उम्मीदवार ई संजय कुशवाहा मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब होते दिख रहे हैं।

### हाईटेक जनसंपर्क तेज

काराकाट लोक सभा के चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा इस बार हाईटेक तरीके से मतदाताओं से संपर्क साधे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों द्वारा जमकर प्रचार किए जा रहे हैं । प्रत्याशियों द्वारा एक्सपर्ट की मदद से विशेष पेज बनाकर अपनी छवि चमकायी जा रही है। मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा इस बार खासतौर पर आकर्षक रील्स बनाए जा रहे हैं । उम्मीदवार आडियो -विडियो की मदद से मतदाताओं तक अपनी बात पहुँचा रहे हैं । बता दें कि इस बार काराकाट लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की तरफ से पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा , इंडिया गठबंधन की तरफ से माले के राजाराम सिंह, भोजपुरी फिल्मों के चर्चित अभिनेता -गायक पवन सिंह और टेक्नोक्रैट ई संजय प्रसाद कुशवाहा मुख्य तौर पर एक दूसरे को टक्कर देते दिख रहे हैं ।

### मिसकॉल और मिट्टी का कर्ज चुकाने की बात कर वोटर को रिझा रहे संजय -

चुनावी विश्लेषक की मानें तो एसएसपी के ई संजय कुशवाहा को मिसकॉल के जरिए मतदाताओं से संपर्क साधने का हाईटेक तरीका चुनावी लाभ पहुंचा सकता है। यह मिसकॉल के जरिए लोगों को काराकाट के विकास के लिए इनसे जुडने के लिए अहवान कर रहे हैं और लोगों से तीन सुझाव भी मांग रहे हैं । इस तकनीक के सहारे क्षेत्र के हजारों मतदाता लगातार इनसे जुड़ रहे हैं । लोग इन्हें आधारभूत संरचना ,शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सड़क ,आदि के मुद्दे पर लगातार सुझाव भेज रहे हैं । वहीं इनके द्वारा काराकाट की मिट्टी का कर्ज चुकाने की बात करना मतदाताओं को भावुकता के स्तर पर इनसे जुड़ाव महसूस करा सकता है । इसका चुनावी लाभ मतदान के दिन 1 जून को मिल सकता है ।

मतदाताओं को रिझाने में हर दल के प्रत्याशी बहा रहे पसीना -काराकाट संसदीय क्षेत्र के लिए राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ हीं चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है । चुनाव की तिथि नजदीक आने के साथ हीं प्रत्याशियों द्वारा चुनावी अभियान में तेजी लायी जा रही है । हर दल के प्रत्याशी को इस प्रचंड गर्मी में जमकर पसीने बहाने पड़ रहे हैं । किसी भी दल के प्रत्याशी के लिए लोकसभा पहुँचने का रास्ता आसान नहीं दिख रहा है ।

## कंचन आजाद आजीविका महिला ग्राम संगठन के समूह के दीदी ने मतदान को लेकर किया जागरूक



(न्यूज12 भारत)

कांड्रा: 13 मई को होने वाले चुनाव की तैयारी चरम पर है. शांतिपूर्ण व निष्पक्ष माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक प्रयास निरंतर जारी है. चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर इस बार विशेष जोर दिया जा रहा है. मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जहां स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. वहीं आम मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने के कार्य में जीविका दीदी भी अपने स्तर से सराहनीय योगदान निभा रही हैं. मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को कांड्रा पंचायत कंचन आजाद आजीविका महिला ग्राम संगठन के समूह के दीदी द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाते हुए आम मतदाताओं को मताधिकार के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया.

कांड्रा पंचायत कंचन आजाद आजीविका महिला ग्राम संगठन के समूह के दीदीयों ने कांड्रा पंचायत के अंतर्गत कंचनपाड़ा, आजाद बस्ती के क्षेत्रों में लोगों को मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक किया.

खासकर युवा वर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए कहा गया कि मतदान हमारा अधिकार है और हमें अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान कर हम देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

# ओबी डंपिंग को लेकर साउथ तीसरा वर्कशॉप को हटाने की कवायद प्रबंधन की ओर से की गई तेज

(न्यूज12 भारत)

तिसरा। लोदना क्षेत्र के नॉर्थ साउथ तीसरा स्थित देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना के ओबी डंपिंग को लेकर साउथ तीसरा वर्कशॉप को हटाने की कवायत प्रबंधन की ओर से तेज कर दी है। साउथ तीसरा वर्कशॉप हटाकर इस इलाके में ओबी पत्थर गिराया जाएगा।आउटसोर्सिंग परियोजना से इसकी शुरुआत हुई हो चुके हैं इस कारण पहले भी ग्रामीणों के साथ कई झरप हो चुकी है फिर एक बार ग्रामीण एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन के बीच इस कारण कभी भी संघर्ष होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

बताते हैं कि आउटसोर्सिंग परियोजना चलाने के बाद इसी इलाका में ओबी गिराया जाएगा। परियोजना से निकलने वाली ओबी पत्थर गिराने के लिए पहले प्रबंधन की ओर से जो जिन गोरा जयरामपुर मार्ग को बंद कर दिया गया वहां पर पत्थर





गिराए जा रहा है। एक मयी से लगातार ओबी पत्थर डंपिंग होने से नॉर्थ तीसरा से सुरंगा जाने वाली मार्ग को खतरा हो गया है जबकि बगल से पानी निकलने वाला नाला भी प्रभावित हो गया है उसके ऊपर पत्थर गिरा दिया गया है यदि बरसात हुआ तो पानी निकालना मुश्किल हो जाएगा । गोल्डन पहाड़ी के लिए पीट वाटर का पाइप के ऊपर भी कई पत्थर आ गए। सड़क के ऊपर भी कई पत्थर आ गए हैं आने जाने वाले राहगीर बाल बाल बचे हैं। जैसे ही प्रबंधन की ओर से वर्कशॉप हटा लिया जाएगा मार्ग भी बंद कर दिया जाएगा बगल के बेलधौरा, ऑफिस धौरा आदि इलाके के ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है लगातार इलाके में आउटसोर्सिंग प्रबंधन की ओर से डंपिंग होने से लोगों में आक्रोश है लोगों का कहना है कि पहले प्रबंधन पुनर्वास की व्यवस्था करें इसके बाद इस इलाके में डंपिंग किया जाए।

प्रबंधन की ओर से साउथ तीसरा वर्कशॉप को नॉर्थ तीसरा सीआईएफ कैंप के पीछे लाने की योजना बनाई है यहां पर समकालीन कराया जा रहा है जबकि 6 नंबर में काटा घर भी चालू किया जाएगा इसके लिए भी रास्ता बनाया जा रहा है। आने वाले दिनों में सूत्रों का कहना है कि एमडीओ मुड़ के परियोजना चलाने के लिए यह सब किया जा रहा है इसका असर पूरे इलाके पर पड़ेगा।

इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य चंडी चरण देव ने कहा कि बिना समुचित व्यवस्था किया यदि हटाया जाएगा तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे इसकी सूचना जी एम को भी दे दी गई है। जबकि एटक के नेताओं ने महाप्रबंधक को पत्र दे 15 दिनों के बाद आंदोलन करने की चेतावनी की है। लोगों का कहना है कि नियम को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है डीजीएमएस क्या अधिकारी भी कुछ नहीं करते।

## पेज एक और पेज - 2 का शेष

### निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने चलाया सघन....

कोयला हमारा लोहा हमारा बालू हमारा मगर इन सभी पर अधिकार बड़े-बड़े लोगों का है। हमारी जमीन छीनी जा रही है और अंबानी अंदानी जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है। जो हमारे खनिज संपदाओं को लूटकर राज कर रहे हैं। लेकिन किसी भी स्थानीय तौर पर रोजगार की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण हमारे युवा साथी निराशा की जिंदगी जी रहे हैं और बदहाली की जिंदगी जीने को मजबूर है इसका सिर्फ एक ही कारण है कि आज तक राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड में सिर्फ राज किया है। खनिज संपदा से परिपूर्ण गिरिडीह की ही बात ले लिया जाए तो यह कितना विकास हुआ है या किसी से छिपा हुआ नहीं है,गिरिडीह के पढ़े-लिखे युवा आज पलायन करने को मजबूर है क्योंकि यहां पर रोजगार की कोई अस्थाई व्यवस्था नहीं है इन्हीं सब गंभीर बातों को बताते हुए श्री यादव ने मतदाताओं से वोट देने की अपील किए है। इस दौरान श्री यादव के साथ सैकड़ो समर्थक उपस्थित थे।

### मेंटर्स एडुसर्व द्वारा जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए....

उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा के महत्त्व को ध्यान मे रखते हुए मेंटर्स एडुसर्व की शिक्षण प्रणाली को सबजेक्टिव रखा गया है। ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में भी अच्छा प्रदर्शन कर सके। इस प्रकार के अप्रोच के कारण ही विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे की जेईई मेन और एडवांसड, नीट तथा ओलपियाड मे अच्छा प्रदर्शन करते हैं।उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य फोकस सूबे के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ रैंक दिलाना है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में महत्वूपर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मेंटर्स एडुसर्व के टीम में दिल्ली, हैदराबाद एवं कोटा शहरों के अनुभवी शिक्षक शामिल हैं, जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। मेंटर्स एडुसर्व के पास विद्यार्थियों की संकाओ के निदान हेतु स्टूडेन्टस डाऊट क्लियरिंग सेल है जहाँ वरिष्ठ शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। जायसवाल ने गया शहर के सभी विख्यात व गणमान्य शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया है।

### शहर के सभी मुख्य चौक चौराहा पर पनशाला की व्यवस्था....

,घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी नमक चीनी का घोल ,छाछ नींबू पानी ,आम पन्ना आदि का नियमित सेवन करें ।जहां तक हो सके कड़ी धूप मैं घर से बाहर न निकले। नगर आयुक्त के आदेश पर गर्म हवा एवं लू से बचने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है जिसमें गया नगर निगम क्षेत्र के सभी स्वयं सहायता समूह की बैठक में लगातार लू से बचने एवं आपदा प्रबंधन विभाग की एडवाइजरी का पालन करने हेतु जानकारी दी जा रही है ।

## धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

(न्यूज12 भारत)

धनबाद: धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी माननीय श्रीमती अनुपमा सिंह जी के पक्ष में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने हीरापुर, अंबेडकर नगर, विनोद नगर, भिस्तीपाडा, गजुवाटांड,शिव शक्ति नगर नियर लॉ कॉलेज,लाहबनी धैया सहित धनबाद नगर के विभिन्न जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान, जनसंपर्क अभियान के दौरान सैकड़ो महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं !

नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से धनबाद लोकसभा चुनाव इंडिया महागठबंधन,कांग्रेस के प्रत्याशी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान कर सुनिश्चित जीत दिलाने का आह्वान किया, धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता अनुपमा सिंह के पक्ष में अपना मतदान देकर एवं भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजती है तो निश्चित रूप से वे अपने दिए गए दायित्व पर खरा उतरेंगे,अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा के क्षेत्र मे लोगों का स्नेह और अपार समर्थन मिल रहा है और निश्चित रूप से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे,कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जी को पूरे कोयलांचल सहित धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है,आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेगीं और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए आवाज उठाने का काम करेंगी,हमें भरोसा और पूर्ण विश्वास है की धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने का काम करेगीं!आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस कमेटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगीं!

आगे नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता यदि अनुपमा सिंह जी पर विश्वास जताती है और भारी जीत दिलाती है तो निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा क्षेत्र का कायाकल्प बदलेगा और विकासशील कार्य मजबूती के साथ होगी साथ-साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एयरपोर्ट से लेकर कई उपलब्धि को दिलाने के साथ महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने व धनबाद को आतंक से मुक्त करने के साथ मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने में वे हर संभव प्रयासरत रहेंगी!

आगे उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल,चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है|

# विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में लेबोरेटरी का उद्घाटन

(न्यूज12 भारत)






धनबाद : विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर का 164 व जन्म जयंती के अवसर पर हमारे रविंद्र नाथ विद्या मंदिर में बच्चों के लिए तथा सीबीएसई बोर्ड में जरूर के आधार पर एक लेबोरेटरी के उद्घाटन किया गया जिसमें पदार्थ विज्ञान रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान के प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया आज इस शुभ अवसर पर हमारे संरक्षक डॉक्टर सीजी शाहा हमारे अध्यक्ष श्री गुना राम गोस्वामी हमारे संस्था के वरिष्ठ आजीवन सदस्य श्री आलोक कुमार बनर्जी हमारे अन्य कार्य करनी सदस्य श्री प्रवीर कुमार श्रीमती मुक्ता चट्टाराज श्री बापी देवनाथ हमारे रविंद्र नाथ विद्या मंदिर के शिक्षक शिक्षिका गण तथा सभी कर्मचारी तथा हमारे विद्यालय के उच्च श्रेणी के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए इस शुभ अवसर पर स्कूल के शिक्षक श्री मनोरंजन मुखर्जी के द्वारा सर्वप्रथम श्री श्री विश्वकर्मा देव तथा श्री श्री सरस्वती माता के पूजा अर्चना किया गया|

इसके बाद हमारे अध्यक्ष श्री गुनाराम गोस्वामी के द्वारा द्वार उद्घाटन किया गया जिसमें सभी बच्चों तथा उपस्थित सज्जनों ने प्रयोगशाला को निरीक्षण किया आज के सारे अनुष्ठान को हमारे संस्था के जनरल सेक्रेटरी श्री एचडी चतराज के द्वारा आयोजन किया गया। रवींद्रनाथ विद्या मंदिर में प्रयोगशाला का निर्माण तथा शुभारंभ होने से हमारे विद्यालय के मान्यता सीबीएसई बोर्ड से प्राप्त होने के लिए यह जरूरी था।